रोहतक
शनिवार, 6 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 217
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 34.8
न्यून. 23.1

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरा/उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,710.76 | 7.25 ▼ |
| निफ्टी | 24,741.00 | 6.70 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,06,970/- | 900/- ▲ |
| चांदी | 1,25,600/- | 000/- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.87 | 15 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 66.93 बैरल | | 0.07% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### 2027 में देश को मिलेगी पहली महिला सीजेआई



**नई दिल्ली।** न्यायपालिका के इतिहास में वर्ष 2027 एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। वहां अब पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की कमान एक महिला के हाथों में होगी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना 24 सितंबर 2027 से 29 अक्टूबर 2027 तक भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बनेंगी। एजेंसी

### छठ पर लॉन्च होगी पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। भारतीय रेलवे ने ट्रेन की लॉन्चिंग की तैयारियां पूरी कर ली है। सबसे पहले यह ट्रेन दिल्ली से बिहार के लिए चलाई जा सकती है। भारतीय रेलवे ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को छठ पूजा के मौके पर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। एजेंसी

### शिल्पा व राज के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति, व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। 60.48 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में ये फैसला लिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। एजेंसी

### पायलट ने 'पैन-पैन' कॉल के बाद सुरक्षित उतारा विमान



**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। पायलट ने इमरजेंसी हालात को देखते हुए 'पैन-पैन' कॉल की और इसे इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। विमान को उतरने में 20 मिनट का वक्त लगा। विमान में सवार 161 यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। एजेंसी

### अनुतिन होंगे थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री



**बैंकॉक।** थाईलैंड में नया पीएम चुनने के लिए मतदान किया गया, जिसमें भूमजैथाई पार्टी के अनुभवी राजनेता अनुतिन चार्नवीराकुल जीत हासिल की है। उन्होंने 492 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में से 247 से ज्यादा वोट हासिल किए। दो महिला पीएम नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों में हटाई जा चुकी थीं। एजेंसी

### बीओबी ने बताया अनिल अंबानी को फ्रॉड



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। बताया गया कि उन पर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के दुरुपयोग का हवाला दिया है। एजेंसी

## प्रदेश में नहीं थम रहा बारिश का कहर, हिसार में सड़क धंसी, तीन नेशनल हाईवे डूबे, खेतों में भी भरा पानी

# घग्गर के पुल का हिस्सा खिसका, घबराए लोग, बहादुरगढ़ में सेना ने संभाला मोर्चा

**राहत** यमुनानगर में हथिनी कुंड बैराज पर 106 घंटे बाद जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

**आफत** घग्गर, मारकंडा और टांगरी नदी अभी उफान पर, सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न

**हादसा** फतेहाबाद और कुरुक्षेत्र में डूबने से दो युवकों की मौत, कई गांवों में सड़कें दरकीं

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण हालात अभी खराब हैं। लोगों को राहत नहीं मिल रही है। सैकड़ों एकड़ फसल बार्बाद हो चुकी है। वहीं, पानी में डूबने से कुरुक्षेत्र और फतेहाबाद में दो लोगों की मौत हो गई। कई सड़कें और नेशनल हाईवे टूटे हुए हैं। कई क्षेत्रों में बार्बादी का मंजर दिखाई दे रहा है। सैकड़ों गांवों में पानी घुसा हुआ है। सिरसा में घग्गर नदी के ओवरफ्लो होने से झोरनाली गांव में नदी पर बने पुल का एक हिस्सा खिसक गया, जिससे एक पेड़ भी टूटकर गिर गया। यह पुल 20 गांवों को सिरसा से जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है। सूचना मिलते ही घबराए लोग मौके पर जुट गए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने बैरियर लगाकर लोगों को आगे जाने से रोक दिया है। वहीं, बहादुरगढ़ की विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर और दिल्ली की गीतांजलि कॉलोनी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए सेना तैनात की गई है। नागरिकों को राहत दिलाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों के साथ सेना की टुकड़ी भी बचाव व राहत कार्य में जुट गई है। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

» **फरीदाबाद के कबूलपुर गांव में नौ माह की गर्भवती महिला को बाढ़ से निकाला**

» **जम्मू-कश्मीर और पंजाब में बाढ़ के कारण आठ ट्रेनें रद्द**

» **बहादुरगढ़ में मुंगेशपुर ड्रेन ओवर फ्लो होने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा मंडराया, ड्रेन के तटबंध बांधने में जुटे लोग**




### मुंगेशपुर ड्रेन टूटने से लोगों की सांसें फूलीं



बहादुरगढ़ में मुंगेशपुर ड्रेन कई जगह से टूटी हुई है। शुक्रवार को हिसार कैंट से सेना की टुकड़ी (करीब 80 जवान) बहादुरगढ़ पहुंची। उन्होंने झाड़ोदा बॉर्डर के साथ क्षतिग्रस्त ड्रेन पर मोर्चा संभाला। इसके साथ ही एमआईई इलाके तक सेना और एनडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुट गई। विवेकानंद नगर में भी प्रशासन की ओर से बचाव कार्य तेज करने से स्थानीय निवासियों को आंशिक राहत मिली है।

### ये नदियां बढ़ा रही खतरा

फरीदाबाद में यमुना, सिरसा में घग्गर, कुरुक्षेत्र में मारकंडा और अंबाला में टांगरी नदी ओवरफ्लो हैं। हथिनीकुंड बैराज पर जलस्तर डेंजर लेवल (1 लाख क्यूसेक) से नीचे आने के बाद फ्लड गेट डाउन कर दिए गए हैं। यमुना नदी में अब केवल 52000 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। कुछ जगहों पर अभी भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। शुक्रवार को नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर, हिसार, रोहतक, सोनीपत, जींद के कुछ हिस्सों में बारिश हुई।

### कुरुक्षेत्र में सड़क पर मारकंडा

शाहबाद के बाद मारकंडा नदी अब पिहोवा में भी तबाही मचा रही है। मारकंडा नदी का पानी खतरे के निशाने से उपर बह रहा है। पिहोवा के गांव नैसी में दूसरी बार मारकंडा नदी का तटबंध टूटने से आधा दर्जन गांवों की हजारों एकड़ फसले जलमग्न हो गई। पिहोवा में बीबीपुर और चनालहेड़र मारकंडा के पानी में एक युवक डूब गया। युवक की पहचान अरुण कुमार (18) निवासी चनालहेड़ी के रूप में हुई है। कुरक्षेत्र के कई इलाकों में मारकंडा का पानी सड़कों और खेतों में भरा हुआ है।

### हिसार में जन जीवन बुरी तरह प्रभावित

हिसार में धिकताना गांव में 10 फीट तक सड़क धंस गई। इसके साथ यहां सिंघवा माइनर टूट गई। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-52, कोटपूतली-बठिंडा नेशनल हाईवे 148बी और दिल्ली-हिसार नेशनल हाईवे पर 2 फीट पानी भरा है। वहीं सिरसा के केलनिया-झोड़नाली में घग्गर नदी ओवरफ्लो हो गई।

### फतेहाबाद : मकान की छत गिरी

फतेहाबाद में घग्गर नदी का जलस्तर बढने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। नदी के किनारे बसे गांवों के लोग लगातार तटबंधों को खुद ही मजबूत करने में लगे हुए हैं। वहीं, कुलां क्षेत्र में बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए हैं।

### भूना से पलायन कर रहे लोग

भूना से लोग भारी मात्रा में अपने रिश्तेदारों के घर पलायन कर रहे हैं। गुहला चीका में 50134, खनौरी में 13875 तथा चांदपुरा में 15 हजार क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। चांदपुरा साइफन पर घग्गर नदी में 22 हजार क्यूसेक पानी की क्षमता है। गुहला में 50 हजार क्यूसिक बहाव होना खतरे की घंटी है। गुहला से फतेहाबाद के चांदपुरा में पानी पहुंचते में 36 घंटे का समय लगता है।



### राष्ट्र आपदाओं से प्रभावित लोगों के साथ : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष मानसून के दौरान हुई प्राकृतिक आपदाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि राष्ट्र प्रभावित लोगों की पीड़ा को समझता है और संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। राष्ट्रपति ने कहा, 'हम सब मिलकर इस चुनौती से पार पा लेंगे।'

### पीएम मोदी करेंगे बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा

पीएम नरेन्द्र मोदी उत्तर भारत के बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर हालात की समीक्षा करेंगे। बता दें कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में भारी बारिश व बाढ़ के कारण भारी नुकसान पहुंचा है। सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है।

**सेनाएं होंगी मजबूत...** 15 साल का रोडमैप पेश

# 2,200 टैंक, 6 लाख गोले व एआई से लैस हथियार मिलेंगे

- नौसेना को नया एयरक्राफ्ट कैरियर मिलेगा
- भारत को और एस-400 डिफेंस सिस्टम देगा रूस
- रूस 5 में से 3 स्क्वाड्रन भारत को सौंप चुका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सेनाओं को और मजबूत करने के लिए शुक्रवार को 15 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेना को अगले 15 साल में 2200 नए टैंक और 6 लाख गोले दिए जाएंगे। सेना के तीनों अंगों को मजबूत करने के लिए एआई टेक्नीक से लैस हथियार और रडार भी खरीदे जाएंगे। नौसेना को नया एयरक्राफ्ट कैरियर मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों की आधुनिकता पर जोर दिया जाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि सेना ने प्लानिंग करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के वक्त आई चुनौतियों पर भी ध्यान दिया है।

**2 स्क्वाड्रन 2027 तक मिलेंगे**

**थल सेना को हथियार**

- टैंक : 1800 , हल्के टैंक : 400, गोले : 6 लाख, ड्रोन और रोबोटिक सिस्टम

**नौसेना को ये मिलेंगे**

- युद्धपोत : 10, एयरक्राफ्ट कैरियर : 01 लैंडिंग प्लेटफॉर्म : 10, हेलीकॉप्टर, परमाणु हथियारों से लैस युद्धपोत और विमान उतारने के लिए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिस्टम।

**वायुसेना को ये मिलेंगे**

- स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप : 20, मल्टी मिशन ड्रोन : 350, स्टेल्थ यूएसवी, लेजर हथियार और सैटेलाइट सिस्टम मिलेगा।

**वायुसेना को सितंबर में मिलेंगे 2 तेजस**

अमेरिका ने 15 जुलाई को भारत को दूसरा जीई-404 इंजन सौंपा था। यह इंजन तेजस लड़ाकू विमान में लगाया जाएगा। इसे तेजस बना रही सरकारी कंपनी एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) को सौंपा गया है। वायुसेना को सितंबर में 2 तेजस मार्क-1ए मिल सकते हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, एचएएल को इस साल के आखिर तक ऐसे 12 इंजन मिल जाएंगे।

**भारत को और लड़ाकू विमान देगा रूस**

रूसी हथियार एजेंसी के निदेशक दिमित्री शुगायेव ने कहा था कि भारत और रूस अमेरिका के दबाव के बावजूद एस-400 मिसाइल सिस्टम की सप्लाई बढ़ाने पर बात कर रहे हैं। भारत के पास पहले से एस-400 मिसाइल सिस्टम मौजूद है। जल्द ही भारत रूस से नए एसयू-57 लड़ाकू विमान भी ले सकता है। बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। हम चाहते हैं कि भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में साथ आगे बढ़ें। 2018 में भारत ने रूस से 5.5 अरब डॉलर में एस-400 के 5 स्क्वाड्रन खरीदने की डील की थी। रूस 5 में से 3 स्क्वाड्रन भारत को सौंप चुका है। बाकी के 2 स्क्वाड्रन 2027 तक मिल जाएंगे।

शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित देशभर से 81 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार दिए

# सोनीपत की शिक्षिका सुनीता ढुल को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के मौके पर मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की भूगोल प्राध्यापिका सुनीता ढुल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें 50,000 रुपये नकद, रजत पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस मौके पर 81 शिक्षकों को उनकी अनूठी शिक्षण पद्धतियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा। (पेज 8 भी देखें)

**मुर्मू बोलीं, स्मार्ट कक्षाओं व ब्लैक बोर्ड से ज्यादा स्मार्ट शिक्षक जरूरी**



**ढुल को इसलिए सम्मान**

सुनीता ढुल को यह सम्मान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा में नवाचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न आयामों को लागू करने के लिए मिला है। उन्होंने पढ़ाई के साथ बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा से इस वर्ष यह पुरस्कार हासिल करने वाली वह अकेली शिक्षिका हैं।

व्हाट्सएप पर मिला **धमकी** भरा संदेश

## मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी, हाईअलर्ट

**मुंबई(एजेंसी)।** मुंबई पुलिस को व्हाट्सएप वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया है। दरअसल, शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। गणेशोत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई में 21,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

9 घंटे पहले ही लग जाएगा सूतक

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 को 3 घंटे 30 मिनट की होगी अवधि



- यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, पूरे भारत में दिखाई देगा रात 11:01 बजे शुरू होगा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** साल का आखिरी चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट की होगी। यह चंद्रग्रहण 7 तारीख की रात में 9 बजकर 57 मिनट पर लगेगा। रात में 11 बजकर 1 मिनट से लेकर 12 बजकर 23 मिनट तक पूर्ण चंद्रग्रहण लग जाएगा। जिसकी कुल अवधि 1 घंटे 22 मिनट की होगी। बता दें कि ग्रहण का आरंभ होने से पहले सूतक काल का आरंभ हो जाता है।

शराब ठेके न तोड़ने के बदले मांगे रुपये

## फरीदाबाद में एचएसवीपी का जेई रिश्वत लेते पकड़ा

**फरीदाबाद(हरिभूमि न्यूज)।** शराब ठेकों को न तोड़ने की एवज में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के जेई नरेश कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसने इस काम के लिए 6 लाख रुपये मांगे थे, लेकिन 5 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एसीबी को दी। एसीबी ने उसे सेक्टर-12 स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपित जेई को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर एसीबी पता करेगी कि रिश्वत वाले मामले में और कौन-कौन शामिल हैं।



- दबाव बनाने के लिए पास की दो दुकानें तोड़ी

**कई अधिकारी घेरे में!**

सूत्रों का कहना कि फरीदाबा के कई और अधिकारी भी लपेटे में आ सकते हैं, क्योंकि जेई अपने स्तर पर यह रिश्वत नहीं ले रहा होगा। फिलहाल ब्यूरो उससे पूछताछ कर रही है। जेई के पकड़े जाने से प्राधिकरण के कार्यालय में दिन भर हलचल रही। जो जेई के साथ थे, उनकी धड़कनें तेज हो गई। अब उन्हें फंसने का डर सता रहा है।

पुतिन के जवाब के बाद नरम पड़े ट्रंप के तेवर, एक दिन पहले भारत पर टैरिफ को जरूरी बताया था

**चीन में हुई एससीओ समिट के बाद से ट्रंप के रुख में दिख रहा बदलाव**

**भारत ने कहा, अभी हमारे पास इस पर टिप्पणी करने के लिए कुछ नहीं**

# लगता है हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया

भाषा ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, 'लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।' यह बात ऐसे समय में कही गई है जब अमेरिकी शुल्क को लेकर भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय में संभवतः सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह ताजा पोस्ट ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने दुनिया का ध्यान खींचा।

**टैरिफ के कारण आई रिश्तों में खटास**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'लगता है हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो!' ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जिसमें भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25% अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।



**भारत ने नहीं की कोई टिप्पणी**

इस टिप्पणी पर भारत के विदेश मंत्रालय से जब प्रतिक्रिया मांगी गई तो आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, अभी हमारे पास इस पर टिप्पणी करने के लिए कुछ नहीं है।" यानी विदेश मंत्रालय ने साफ शब्दों में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कूटनीतिक हलकों में इसे एक सोची-समझी रणनीति माना जा रहा है।

**ट्रंप की पोस्ट के मायने**

डोनाल्ड ट्रंप पहले भी कई बार भारत, चीन और रूस पर बयान देते रहे हैं. उनका यह कहना कि भारत और रूस चीन के साथ चले गए केवल कूटनीतिक बहस ही नहीं, बल्कि अमेरिका की घरेलू राजनीति में भी चर्चा का विषय बन गया है. ट्रंप लगातार भारत पर हमलावर हैं।

**भारत की रणनीति: "चुप रहो और आगे बढ़ो"**

भारत ने इस बयान पर सीधी प्रतिक्रिया न देकर संकेत दिया है कि वह ट्रंप की टिप्पणी को अनावश्यक महत्व नहीं देना चाहता। विदेश मंत्रालय की नो कमेंट लाइन साफ दिखाती है कि भारत फिलहाल अपने कूटनीतिक रिश्तों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है, न कि राजनीतिक बयानों पर।

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के जिला पठानकोट पहुंच कर विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के बड़े भाई राम प्रसाद शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना दी।

### जीएसटी सुधारों से हेल्थ सेक्टर होगा मजबूत

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित व्यापक एवं तर्कसंगत जीएसटी सुधार देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। इन सुधारों से दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, बीमा योजनाओं तथा पोषण संबंधी उत्पादों की लागत कम होगी और आमजन को सस्ती तथा सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य आम नागरिक का जीवन सरल बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

### बिजली की शिकायतों पर सुनवाई आठ को

**पंचकूला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला, के कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्रवाई 8 सितम्बर को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के कार्यालय फ्लेट नंबर- 520, पॉवर कॉलोनी, पंचकूला में की जाएगी।

### भारत-जर्मनी शैक्षणिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू), चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष सत्र के दौरान जर्मन एकेडमिक एक्सचेंज सर्विस (डीएएडी) के प्रतिनिधिमंडल ने भारत और जर्मनी के बीच शैक्षणिक सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस प्रतिनिधिमंडल में अपूर्व महेंद्रु और अदिति गोसावी शामिल थे, जिन्होंने कुलपति प्रो. रेणु विग से मुलाकात की। सत्र के दौरान संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रो. रेणु विग ने कहा कि शिक्षा में परिवर्तन होगा।

## केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ किया गुरुग्राम मेट्रो का भूमि पूजन

# 5500 करोड़ की लागत से 28.5 किमी. लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा

**मेट्रो नए और पुराने गुरुग्राम को जोड़ेगी, मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक व द्वारका एक्सप्रेस वे जाना होगा आसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेट्रो सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है। जहां 2014 तक केवल 5 शहरों में 248 किलोमीटर मेट्रो सेवा थी उसे अब बढ़ाकर 24 शहरों में 1066 किलोमीटर की मेट्रो सेवा उपलब्ध है और 970 किलोमीटर मेट्रो सेवा का कार्य पाइपलाइन में है जिसके पूरा होने के बाद भारत दुनिया का नम्बर वन देश मेट्रो सेवा प्रदान करने में बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर सभागार में गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित गुरुग्राम मेट्रो भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की जबकि हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक गुरुग्राम मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर व पटौदी विधायक बिमला चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को शिक्षक दिवस, ओणम और ईद के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इससे पूर्व सेक्टर 44 में मेट्रो सेवा का भूमि पूजन करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।



### प्रोजेक्ट में 27 स्टेशन बनेंगे

कार्यक्रम के मुख्यातिथि केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ करीब 5500 करोड़ रुपए की लागत से मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक, द्वारका एक्सप्रेस वे तक जाने वाले 28.5 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर का भूमि पूजन किया, इस प्रोजेक्ट पर 27 स्टेशन बनेंगे। यह मेट्रो सेवा नए और पुराने गुरुग्राम को जोड़ेगी।

### आमजन को मिलेगी सुविधा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो सेवा आमजन की सुविधा के लिए प्रदान की जा रही है। वे विश्वास दिलाते हैं कि देश में जिन शहरों में मेट्रो कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी तो शहरी मंत्रालय मेट्रो सेवा की स्वीकृति देते हुए उसे पूरा करने का काम करेगा। उन्होंने गुरुग्राम क्षेत्र के लोगों को इस नई मेट्रो सेवा प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर बधाई दी।

### हरियाणा को जल्द 450 नई बसें दी जाएगी : मनोहर लाल

उन्होंने बताया कि शहरी मंत्रालय की ओर से देश में 10 हजार बसें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी इनमें से 450 बसें हरियाणा को मिलेंगी और इसमें से 100 बसें गुरूग्राम शहरी क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेट्रो स्टेशन की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एप के माध्यम से यातायात सुविधा यात्रियों को मुहैया कराई जाएगी।

### परिवेदना समिति की बैठक में किया शिकायतों का निपटारा



गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ईमानदारी से नागरिकों की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करें। हरियाणा सरकार अंत्योदय उत्थान के ध्येय के साथ धरातल पर कार्य कर रही है और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में कुल 18 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 14 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।

### स्टार्टअप को मिलेगी उड़ान, विश्व स्तरीय इनक्यूबेटर स्थापित होगा

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के अग्रणी स्टार्टअप, कॉर्पोरेट्स और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर राज्य में एक विश्व स्तरीय इनक्यूबेटर स्थापित करेगी। इसमें स्टार्टअप्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री गुरुग्राम में स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## 15 व 16 को राष्ट्रीय रबी सम्मेलन

■ किसानों से संवाद करेंगे कृषि विभाग के अधिकारी

**पंचकूला।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों को निर्देश दिए गए कि जिला स्तर पर किसानों की समस्याओं को सुना जाए व उन समस्याओं का समाधान हेतू किसानों के महत्वपूर्ण सुझावों को 15 व 16 सितंबर को होने वाले रबी राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा। इस सन्दर्भ में हरियाणा के कृषि एंव पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के सभी अतिरिक्त निदेशक/संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि वह जिला स्तर पर किसानों के साथ संवाद करें व किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं और उनके महत्वपूर्ण सुझावों को 12 सितंबर को होने वाली बैठक में प्रस्तुत करें। कृषि एंव पशुपालन मंत्री, के निर्देशानुसार डा० राजेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त निदेशक (सांख्यिकी) की अध्यक्षता में कृषि भवन, पंचकूला एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला पंचकूला के प्रत्येक खण्ड से 5 किसान उपस्थित हुए। उक्त बैठक में डॉ. राजेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त निदेशक (सांख्यिकी) ने किसानों के साथ संवाद किया व उनके महत्वपूर्ण सुझावों को केन्द्र सरकार तक पहुचानें का आश्वासन दिया।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 340 दिनांक 02.09.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना गन्नौर जिला सोनीपत**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम पुजा।
पति का नाम - मंगतेन्द्र ।
पता - वासी शास्त्री नगर गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 23 वर्ष।
कद 5 फुट 3 ईन्च ।
हुलियाः रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, पतला फुर्तिला शरीर। पहनावाः नाईट सुट व चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 01.09.2025 को पुजा पत्नी मंगतेन्द्र वासी शास्त्री नगर गन्नौर जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना गन्नौर में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना गन्नौर -7419410542
अनुसंधानकर्ता शिवोम 2130/ सोनीपत मो0 न0-9355032550
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच 1084/11/3839/2026/38399/88/6 दि. 05.09.2025


## सरकार ने किसानों व आमजन को राम भरोसे छोड़ा : अजय

■ खेतों, घरों, सड़कों में कई-कई फुट पानी भरा, निकासी के अभी तक प्रबंध नहीं

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार और प्रशासन की अनदेखी के कारण आज प्रदेश में खेतों, सड़कों, घरों में कई-कई फुट पानी भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस आपदा की घड़ी में भी किसान व आमजन को शासन और प्रशासन ने राम भरोसे छोड़ दिया है। वे शुक्रवार को हिसार जिले के अनेक गांवों में जलभराव क्षेत्रों के किसानों व ग्रामीणों से मुलाकात करने पहुंचे थे।चौटाला ने कहा कि कई स्थानों पर तो चार से पांच फुट पानी खड़ा है। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण फसलें तो बर्बाद हो ही गई है और अगली फसल के भी लाले पड़े हुए है। चौटाला ने राजली गांव में ग्रामीणों से मुलाकात की और देखा कि गांव में पानी घुस आया लेकिन प्रशासन ने पानी निकासी के अभी तक कोई प्रबंध नहीं किए है। उन्होंने कहा कि वे दर्जनभर गांवों का दौरा कर चुके हैं परंतु कहीं भी पानी निकालने के लिए प्रशासनिक अमला नहीं दिखा है। जिससे किसान परेशान हो रहे है।

## इनेलो ने पंजाब के 350 बाढ़ से प्रभावित गांवों को गोद लिया : अभय

■ कांग्रेस नेता विपक्ष का दायित्व निभाने के बजाय गायब हैं, सिर्फ अखबारों में बयान देकर कर रहे खानापूर्ति

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला बताया कि पंजाब के फाजिल्का, फिरोजपुर और संगरूर जिला के बाढ़ प्रभावित 350 गांवों को इनेलो पार्टी ने गोद लिया है। इसके लिए इनेलो पार्टी ने कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी लगाई है। फाजिल्का और फिरोजपुर के हजारों लोग और पशु इस भंयकर बाढ़ आपदा से बुरी तरह से त्रस्त हैं। इस त्रासदी में कई लोगों और पशुओं की जान माल की भी भारी हानि हुई है। इनेलो पार्टी मानवता के नाते इस दुख की घड़ी में बाढग्रस्त गांवों के लोगों के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता कर रही है। बाढ़ ग्रस्त गांवों में इनेलो के कार्यकर्ता राशन, दवाईयां और पशुओं के लिए चारा भेज रहे हैं। लगातार ट्रैक्टर-ट्रालियां गांव-गांव से भरकर भेजी जा रही हैं। ऐलनाबाद हलका के 72 गांव और डबवाली हलका के 70 गांवों को पंजाब का एक-एक गांव अडॉप्ट करवाया गया है। वहीं हरियाणा में भी कई गांव बाढ़ की चपेट में आए हुए हैं इसलिए सरकार तुरंत बाढ़ आपदा घोषित करनी चाहिए।

## एनआईआरएफ की टॉप-100 रैंकिंग में प्रदेश का कोई संस्थान नहीं : रणदीप

■ शिक्षा में हरियाणा पिछड़ा, सुरजेवाला ने सरकार पर साधा निशाना

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लगातार 6वें साल एनआईआरएफ की ओवरऑल टॉप-100 रैंकिंग में हरियाणा का कोई भी संस्थान शामिल नहीं हो पाया। सुरजेवाला ने कहां कि प्रदेश सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा के छात्र गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा से लगातार वंचित हैं। उनके अनुसार, ओवरऑल कैटेगरी में न तो कोई सरकारी विश्वविद्यालय और न ही कोई बड़ा संस्थान जगह बना पाया। केवल निजी यूनिवर्सिटीज़ ही लिस्ट में शामिल हैं।एनआईटी कुरुक्षेत्र की रैंकिंग गिरकर 85वें स्थान पर पहुंच गई। मानव रचना यूनिवर्सिटी 96वें और महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना 85वें स्थान पर रही। प्रबंधन संस्थानों की रैंकिंग में भी गिरावट दर्ज की गई है। आईआईएम रोहतक जहां पिछले साल 12वें पायदान पर था, वहीं इस बार फिसलकर 19वें स्थान पर आ गया है। फ़ार्मेसी कैटेगरी में एमएमयू मुलाना को 26वां स्थान मिला है।लॉ और डेंटल क्षेत्र में भी स्थिति निराशाजनक रही।


**इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN: L23423HR1933PLC000097
पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
Telephone: +91-1732-661061 / 661158
Email: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

**सूचना**

**100 दिवसीय अभियान - ''सक्षम निवेशक''**

इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड (''आपकी कम्पनी'') के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") और कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('एमसीए') पत्र दिनांक 16 जुलाई 2025 के अनुसरण में आपकी कम्पनी एक 100 दिवसीय अभियान ''सक्षम निवेशक'' प्रारम्भ कर चुकी है जो 28 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होकर 06 नवम्बर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के दौरान वे सभी शेयरधारक जो अपना लाभांश दावा नहीं कर चुके हैं अथवा अपना केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट नहीं करवा चुके हैं अथवा दावा नहीं किए गए लाभांशों और शेयरों से सम्बन्धित किसी समस्या का सामना कर रहे हैं, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') अर्थात मै. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 को अथवा ई-मेल आईडी : rta@alankit.com अथवा ramap@alankit.com पर लिख सकते हैं, टेली. : 011-42541234, 23541234 और आगे कम्पनी को ई-मेल आईडी : roynr@isgec.com पर ई-मेल भेजी जानी होगी। शेयरधारक आगे ध्यान दें कि यह अभियान सक्रियता और विशेषतः शेयरधारकों तक उनके केवाईसी, बैंक मैंडेट्स, नामांकन और सम्पर्क जानकारी इत्यादि, और आईईईएफए को उनके शेयरों और लाभांश राशि को हस्तांतरित किए जाने से बचने के लिए भुगतान नहीं किए गए / दावा नहीं किए गए लाभांश तक पहुंचने के लिए प्रारम्भ किया गया है।

**रिकॉर्ड तिथि में संशोधन**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 42 के अनुसार, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कम्पनी ने पूर्व में लाभांश के लिए सदस्यों के हकदार होना निर्धारित करने के प्रयोजन हेतु रिकॉर्ड तिथि के तौर पर 08 सितम्बर 2025 निर्धारित की थी।

04 सितम्बर 2025 को आरबीआई द्वारा और एनएसई सरकुलर नं. एनसीएल/सीएमपीटी/70039 दिनांक 04 सितम्बर 2025 के तहत, 08 सितम्बर 2025 को क्लीयरिंग / सेटलमेंट अवकाश की घोषणा के मद्देनजर कम्पनी ने रिकॉर्ड तिथि सोमवार, 08 सितम्बर 2025 से बदलकर मंगलवार 09 सितम्बर 2025 के रूप में संशोधित कर दी है।

तदनुसार, 92वीं वार्षिक सामान्य बैठक और वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की सूचना में वर्णित की गई रिकॉर्ड तिथि को मंगलवार 09 सितम्बर 2025 के रूप में पढ़ा जाए।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(सचिन सलूजा)
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए 24269

स्थान : यमुनानगर, हरियाणा
दिनांक : 05 सितम्बर, 2025


## अधिकारियों को शस्त्र लाइसेंस अस्वीकृति के कारण दर्ज करने निर्देश : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने शस्त्र लाइसेंस से संबंधित मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी पुलिस आयुक्तों और जिला आयुक्तों को निर्देश दिये कि शस्त्र लाइसेंस प्रदान करने, नवीनीकरण करने या विस्तार के लिए आवेदनों को अस्वीकृत करने के कारणों को लिखित रूप में दर्ज कर आवेदकों को बताया जाए।डॉ. मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 14 के तहत, लाइसेंसिंग अधिकारियों को किसी भी अस्वीकृति के लिए लिखित रूप में कारण दर्ज करना होगा और आवेदक द्वारा मांगे जाने पर उसे उपलब्ध कराना होगा, सिवाय इससे कि ऐसे कारणों का खुलासा करना जनहित में न हो। उन्होंने सभी लाइसेंसिंग अधिकारियों को शस्त्र अधिनियम, 1959 और शस्त्र नियम, 2016 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। इसके अलावा, ऐसे मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अस्वीकृति और खारिज करने पर रिपोर्ट समीक्षा के लिए सरकार को भेजी जानी चाहिए।

## प्रदेश में पंचकूला से शुरू होगी स्वदेशी संकल्प यात्रा : डॉ. गोयल

**पंचकूला।** स्वदेशी जागरण मंच देश में स्वदेशी संकल्प यात्रा शुरू करने जा रहा है। इस अभियान का मकसद 'वोकल फॉर लोकल' को देशभर में जन आंदोलन बनाना है।स्वदेशी जागरण मंच पंचकूला स्थित काली माता मंदिर कालका से 7 सितंबर को यात्रा शुरू करेगा। यह यात्रा हरियाणा के सभी जिलों में जिलास्तर पर 21 सितंबर तक चलेगी।उत्तर क्षेत्र ( जम्मू, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली) स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के संयोजक डा. राजेश गोयल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना, विदेशी आयात पर निर्भरता कम करना और भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

## पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का शासन तानाशाही का प्रतीक : विज



**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हाल भी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तरह होने वाला है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी मुझे (अनिल विज) अपने शासनकाल में विधानसभा से बाहर कई बार उठाकर निकाला था तो ऐसे ही अब ममता बैनर्जी भाजपा के विधायकों को अपनी तानाशाही रवैये के कारण उठाकर कर बाहर फिंकवा रही है। जबकि ये प्रजातंत्र के खिलाफ है। विज ने कहा कि ऐसे तानाशाही रवैये के चलते आज भूपेन्द्र सिंह हुड्डा खुडडे लाइन लगे हुए है और यही हाल ममता बनर्जी का होने वाला है कोलकाता में विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के विधायकों को मार्शलों द्वारा घसीटकर बाहर निकाले जाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि देश में प्रजातांत्रिक व्यवस्था में शासन प्रणाली को अंगीकार किया गया है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**शुद्धिपत्र**

यह 13.04.2023 को प्रकाशित, विज्ञापन सं. 23/2023 में शुद्धिपत्र दिनांक 08.08.2025 और घोषणा दिनांक 18.08.2025 की निरंतरता में है, जिनके तहत जो आवेदक वर्ष 2023 में आवेदन कर चुके थे, को उनके आवेदन अपडेट करने/संशोधन करने के लिए कहा गया था और वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर के 05 पदों तथा असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के 30 पदों के लिए नये सिरे से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

यद्यपि, यह पाया गया है कि बहुत से आवेदक जो वर्ष 2023 में पूर्व में आवेदन कर चुके थे, ने न तो अपने ऑनलाइन आवेदन अपडेटेड / संशोधित किए हैं न ही नये आवेदन प्रपत्र भरे हैं। ऐसे सभी उम्मीदवारों को एतद द्वारा उनके आवेदनों को अपडेट करने / संशोधन करने तथा नये आवेदन प्रपत्र भरने के लिए अंतिम अवसर दिया जाता है। जो उम्मीदवार (जो वर्ष 2023 में पूर्व में आवेदन कर चुके थे) ऐसा करने में विफल रहते हैं, पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सरकार ने वित्त विभाग, हरियाणा में असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के पदों की संख्या 30 से बढ़ाकर 54 कर दी है। इन पदों का विभाजन निम्नानुसार हैं :-

| श्रेणियां | पदों की संशोधित सं. |
|---|---|
| सामान्य / अनारक्षित | 30 |
| हरियाणा की वंचित अनुसूचित जातियां | 06 |
| हरियाणा की अन्य अनुसूचित जातियां | 05 |
| हरियाणा के पिछड़ा वर्ग - ए | 06 |
| हरियाणा के पिछड़ा वर्ग - बी | 02 |
| हरियाणा के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 05 |
| कुल | 54 |
| हरियाणा के पूर्व-सैनिक (सामान्य/यूआर) | 01 |
| हरियाणा के पूर्व-सैनिक (बीसी-बी) | 01 |
| बैंचमार्क अक्षमता (लोकोमोटर अक्षमता) वाले व्यक्ति | 02 |

इसलिए, आयोग ने लिंक 08.09.2025 से 12.09.2025 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया है। वे सभी उम्मीदवार जो विज्ञा. 23/2023, शुद्धिपत्र दिनांक 08.08.2025 और घोषणा दिनांक 18.08.2025 के तहत आवेदन कर चुके थे, को अपने आवेदन अपडेट करने अथवा नये आवेदन प्रपत्र भरने का निर्देश दिया जाता है। नवीन/नये उम्मीदवार भी अपना ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवा सकते हैं।

उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन लिंक अर्थात https://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 08.09.2025 से 12.09.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

अन्य नियम एवं शर्तें विज्ञा. सं. 23/2023 और शुद्धिपत्र दिनांक 08.08.2025 और घोषणा दिनांक 18.08.2025 में वर्णित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 05.09.2025
संवाद-1156/13/352/2026/38456/88/6 दि. 05.09.25



**सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ**
**ARMED FORCES MEDICAL SERVICES**



**चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतु**
**FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)**

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
साक्षात्कारः नवम्बर 2025 को दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।
**रिक्तियाँ - 225 (169 पुरुष + 56 महिला)**
**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एमबीबीएस**
**आयु सीमा** - एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **30** वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1996** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **35 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1991** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे)
पात्रता शर्तों के लिए **13 सितम्बर 2025** के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा www.join.afms.gov.in वेबसाइट देखें।
**ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण www.join.afms.gov.in वेबसाइट पर 13 सितम्बर 2025 से 03 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता हैं।**
Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission).
Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of **November 2025.**
**Vacancy 225 (169 for male + 56 for female)**
**Minimum Educational Qualification - MBBS**
**Age Limit Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2025 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1996 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2025 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1991 are eligible).**
For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of 13 Sep 2025 and the website www.join.afms.gov.in.
**Registration for online application will open from 13 Sep 2025 to 03 Oct 2025 on** www.join.afms.gov.in.
**cbc 10601/11/0047/2526**

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत



**फतेहाबाद।** भट्टू क्षेत्र के मेहूवाला गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत होने का समाचार है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुरेश पुत्र धर्म सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुरेश अपने पशुओं के लिए चारा काट रहे थे, तभी अचानक बिजली का करंट लग गया। हादसा इतना भीषण था कि सुरेश की मौके पर मृत्यु हो गई।

### लुटेरों पर भारी पड़ा ज्वेलर एक भागा दूसरे को पकड़ा

**नूंह।** नूंह में मुंह ढके दो बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप में घुसकर पिस्तौल की नोंक पर एक ज्वेलर को लूटना चाहा। लेकिन, बदमाशों ने जैसे ही बैग से पिस्टल निकाली, दुकानदार सचेत हो गया और वह अपनी सीट से खड़ा हो गया। इसके बाद बदमाशों ने उसने पीटना शुरू किया। उस पर पिस्तौल भी तानी। लेकिन उसने बदमाशों का मुकाबला किया। इस दौरान एक बदमाश भाग निकला। जबकि दूसरे से दुकानदार ने जमकर मुकाबला किया। भागने की कोशिश भी किया लेकिन सफल नहीं हो पाया।

**घोटाले का खुलासा:** 91 बैंक शाखाएं जांच के घेरे में, करनाल-यमुनानगर में छापेमारी

# पानीपत में 51 करोड़ की साइबर ठगी का पर्दाफाश

### दो फर्जी कंपनियों के जरिए धोखाधड़ी

*जांच में खुलासा हुआ कि दो फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन को अंजाम दिया जा रहा था । पुलिस ने न सिर्फ घोटाले का पर्दाफाश किया बल्कि इसके पीछे सक्रिय साइबर अपराधियों के संगठित नेटवर्क को भी तोड़ा।*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस की साइबर यूनिट ने पानीपत जिले में साइबर ठगों को बड़ा झटका देते हुए म्यूल अकाउंट्स और फर्जी कंपनियों के माध्यम से किए जा रहे बड़े वित्तीय अपराध का भंडाफोड़ किया है। हालिया जांच में खुलासा हुआ कि दो फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन को अंजाम दिया जा रहा था । पुलिस की तेज़ और सघन कार्रवाई ने न सिर्फ इस घोटाले का पर्दाफाश किया बल्कि इसके पीछे सक्रिय साइबर अपराधियों के संगठित नेटवर्क को भी तोड़ा।



#### पहली कंपनी ने 51 करोड़ का हेरफेर किया

जांच में टू आर्टिफिशियल ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी पूरी तरह फर्जी निकली। इसने बैंक ऑफ इंडिया की पानीपत शाखा में खाता खोलकर केवल सात महीने में 51.82 करोड़ रुपये का लेन-देन किया।खास बात यह है कि खाते से 51.79 करोड़ रुपये पहले ही निकाले जा चुके थे और मात्र 3.13 लाख रुपये ही शेष मिले। कंपनी का पता और निदेशक मंडल की जानकारी भी फर्जी पाई गई तथा मौके पर कोई वास्तविक कंपनी मौजूद नहीं पाई गई । साफ है कि यह कंपनी महज़ धोखाधड़ी और अवैध धन को घुमाने का माध्यम थी।

#### दूसरी फर्जी फर्म इंडो कैरियर एजेंसी

इसी क्रम में एक और कंपनी इंडो कैरियर एजेंसी का भंडाफोड़ हुआ। इस कंपनी के खाते में 24 दिसम्बर 2024 से 27 अगस्त 2025 तक 32.92 लाख रुपये जमा हुए, जिनमें से 31.70 लाख रुपये पहले ही निकाल लिए गए थे और केवल 1.21 लाख रुपये खाते में बचे। इस कंपनी का पता भी फर्जी निकला और मौके पर कोई कंपनी नहीं पाई गई।

#### संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान

जांच के दौरान जिन संदिग्ध व्यक्तियों के नाम सामने आए, उनमें प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, निशांत और सनी कुमार शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इन खातों और कंपनियों के पीछे एक सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र है, जिसका मकसद ठगी की रकम को तुरंत निकालकर कानून की पकड़ से बचना था।

#### 91 संदिग्ध बैंक शाखाएं चिन्हित

पुलिस ने जांच कर 91 ऐसी बैंक शाखाओं की पहचान की है जहां संदेह है कि साइबर अपराधियों के म्यूल अकाउंट्स संचालित हो रहे हैं और इनके जरिये बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के लेन-देन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पानीपत जिला में 4 संदिग्ध बैंक शाखाओ की पहचान की गई है।

#### छापेमारी की कार्रवाई

साइबर अपराध की टीमें करनाल-यमुनानगर में 91 शाखाओं के रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं बैंक कर्मचारियों की लापरवाही या मिलीभगत से साइबर अपराधियों को फायदा तो नहीं मिला। टीम केवाईसी मानकों की अनदेखी कर गोलमाल किया।

**फ्रॉड :** ग्राहकों से मिलीभगत करके नकली सोना रखा था गिरवी

# 39 लाख के गबन में आरोपी ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

■ 23 अप्रैल को मणप्पुरम फाइनेंस ब्रांच में लाखों रुपये का गोल्ड और नकदी चोरी हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



पुलिस हिरासत में गबन का आरोपी।

पुलिस ने मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी में मैनेजर ने ग्राहकों से मिलीभगत कर नकली सोना गिरवी रखा था। नकली सोना गिरवी रखकर 39 लाख 20 हजार रुपये का गबन करने के आरोपी ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। ज्ञात रहे कि 23 अप्रैल को शहर की रोहतक रोड स्थित मणप्पुरम फाइनेंस ब्रांच में लाखों रुपये का गोल्ड और नकदी चोरी हुई थी। ब्रांच के एरिया मैनेजर पंकज कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि ब्रांच मैनेजर ने कर्मचारियों और अपने एक रिश्तेदार के साथ मिलीभगत कर चोरी को अंजाम दिया था, जिससे पहले लाखों रुपयों का नकली गोल्ड ब्रांच में गिरवी रखवा लिया और बदले में 39 लाख रुपये का गबन कर डाला। जब ऑडिट किया तो उन्हें पता चला कि कंपनी को कुल 39 लाख 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है और गबन भी खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने जानबूझकर नकली सोना गिरवी रखा, जबकि उन्हें कंपनी के मानदंडों के अनुसार सोने के आभूषणों की शुद्धता की उचित जांच करनी थी। जानबूझकर नकली सोना गिरवी रखा दुरुपयोग किया।

# कुरुक्षेत्रः रेस्ट हाउस में मिला पांच फुट लंबा मगरमच्छ

**आधी रात को रेस्क्यू, ब्रीडिंग सेंटर में छोड़ा**



कुरुक्षेत्र। सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में बैठा मगरमच्छ।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में एक 5 फुट लंबा मगरमच्छ मिला। वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर काबू किया और उसे मगरमच्छ प्रजनन केंद्र भौर सैयदां में छोड़ दिया। वीरवार रात करीब 11 बजे सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर ने विभाग के रेस्ट हाउस के पास मगरमच्छ को देखा। जेई ने तुरंत इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ विभाग को दी। रात को ही विभाग के इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार और सुभाष ढुल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद करीब 5 फुट लंबे मगरमच्छ को काबू कर लिया। कर्मी सुभाष ढुल ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित तरीके से मगरमच्छ को मगरमच्छ प्रजनन केंद्र भौर सैयदां में छोड़ दिया।

*शराब ठेका आवंटन विवाद*

### हत्या के दोषी को मिला लाइसेंस, विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आबकारी एवं कराधान विभाग को आदेश दिया है कि वह मेसर्ज डिस्कवरी अल्कोबेव प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिवेदन पर कारण सहित स्पीकिंग आर्डर आदेश पारित करे। मामले में याचिकाकर्ता कंपनी ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया है कि हिसारमें लगभग 20 शराब ठेकों का आवंटन नवप्रीत हास्पिटैलिटी एलएलपी को किया गया, जिसके आवंटनधारी आशीष कुमार हैं। हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914, हरियाणा शराब लाइसेंस नियम, 1970 और हरियाणा आबकारी नीति (2025–2027) के अनुसार, शराब ठेका उन्हीं व्यक्तियों या संस्थाओं को दिया जा सकता है, जिनके खिलाफ कोई गैर-जमानती अपराध का दोष सिद्ध न हुआ हो।

**कुरुक्षेत्र में 27 जून 2020 को वारदात**

# हत्या के प्रयास में दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने मारपीट व हत्या का प्रयास मामले के दोषी चरनजीत वासी छ्छरोली यमुनानगर, कुलविन्द्र उर्फ नानू वासी बैनी खुर्द करनाल, नरेंद्र सिंह व प्रीत उर्फ पाता वासीयान मंडोखरा कुरुक्षेत्र, विशाल उर्फ गूंगा व जसप्रीत सिंह वासीयान शाहबाद को आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 29 जून 2020 को थाना शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में रवि कुमार वासी तिगरी कुरुक्षेत्र ने बताया कि 27 जून 2020 को समय करीब 3.15 बजे वह शनि देव मंदिर शाहबाद से घर वापस आ रहा था। जब वह लाडवा चौंक शाहबाद पहुंचा तो उसने देखा कि 7/8 लड़के हांथों में डंडे-बिंडे लेकर एक लड़के अजय जिसको वह जानता था को पीट रहे थे। जब उसने उनका विरोध किया तो उन लड़कों ने उसके उपर भी डंडे-बिन्डों से हमला कर दिया। वह अपनी जान बचा कर एक तरफ हो गया। उसके बाद उन लडकों ने अजय को काफी चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था तब से मामला विचाराधीन था।

### सीईटी परीक्षा के खिलाफ एक और याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि प्रदेश में 26 एवं 27 जुलाई को आयोजित हुई सीईटी परीक्षा को लेकर एक अभ्यर्थी द्वारा दायर याचिका को माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। याचिका में अभ्यर्थी ने यह आरोप लगाया था कि परीक्षा के दौरान उसके सहायक लेखक को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त अभ्यर्थी ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में सहायक लेखक के लिए नहीं विकल्प चुना था। नियमानुसार ऐसी स्थिति में सहायक लेखक की अनुमति प्रदान नहीं की जाती। इसके बावजूद अभ्यर्थी के हितों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने उसके सहायक लेखक को परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की थी।






सीडीएस चौहान ने गिनाए 4 बड़े खतरे

# चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती : चौहान

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी।

इस कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि देशों के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं, वे अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती हैं। मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती है और यह आगे भी बनी रहेगी।

सीडीएस चौहान ने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे

» चीन और पाक परमाणु शक्ति संपन्न इनसे निपटना चुनौती

» युद्ध के क्षेत्र में अब साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल



### लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन

सीडीएस ने कहा कि युद्ध राजनीति का विस्तार है। युद्ध और भू-राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। युद्ध राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने का माध्यम है। लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करती हैं। जब सरकार मानती है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा बल प्रयोग जरूरी है, तो हमारे दो कर्तव्य हैं: सरकार को बल प्रयोग के लिए अधिक विकल्प देना और सरकार का अपनी सेना पर भरोसा बढ़ाना।

### राष्ट्रीय सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय

*सीडीएस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय है। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग इसे अलग-अलग तरीके से देखते हैं- एक राजदूत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों पर ध्यान देता है, एक अर्थशास्त्री आर्थिक पहलुओं पर। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण है।*

### पाक का प्रॉक्सी युद्ध दूसरी बड़ी चुनौती

दूसरी बड़ी चुनौती पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति है, जिसे वह हजार घावों से भारत को कमजोर करने की रणनीति कहता है। क्षेत्रीय अस्थिरता भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत के लगभग सभी पड़ोसी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। एक अन्य चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं- अब इसमें साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल हैं। हमारे दोनों विरोधी (चीन और पाकिस्तान) परमाणु शक्ति संपन्न हैं, और उनके खिलाफ किस तरह के ऑपरेशन करने हैं, यह तय करना हमेशा एक चुनौती रहेगी।

### भारत ने बदली पाक के साथ युद्ध रणनीति

जनरल चौहान ने कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक में हमने जमीन के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश कर आतंकी शिविरों को नष्ट किया था। पुलवामा के बाद हमने खैबर पख्तूनख्वा में टारगेट सेट करके हवाई हमले किए। जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, तब तक हमने अपनी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ा लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर में मिली थी पूरी स्वतंत्रता

सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। हमने दुश्मन को चौंकाने और संयमित हमले की योजना बनाई थी लेकिन राजनीतिक नेतृत्व के साथ चर्चा में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बहावलपुर और मुरिदके स्थित आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए हवाई हमले आवश्यक थे।

---

केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट से बवाल

# बी से बीड़ी- बी से बिहार पर फंसी कांग्रेस, मांगनी पड़ गई माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बी से बीड़ी और बी से बिहार पर कांग्रेस बुरी तरह से फंस गई है। इसके लिए कांग्रेस को माफी भी मांगनी पड़ी। इसके बाद पुरानी पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर कहा गया है कि हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी से जुड़े चुनावी प्रचार पर हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। अगर किसी को हमारी बात से ठेस पहुंची है तो हम माफी चाहते हैं।

### भाजपा ने पूरे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया

जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए चार्ट भी भेजा

#### कांग्रेस की केरल इकाई ने यह लिखा




हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा गया

कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीड़ी-सिगरेट पर जीएसटी की नई दर लागू करने में सिगरेट के साथ पक्षपात की ओर संकेत करते हुए कहा कि बीड़ी और बिहार का पहला अक्षर (अंग्रेजी) के बी से शुरू होता है। बीड़ी में अब कोई बुराई नहीं मानी जाएगी। पार्टी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि बीड़ी पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटा कर 18 फीसदी और सिगरेट पर 28 से बढ़ा कर 40 फीसदी कर दी गई है।

**बाद में कांग्रेस ने पोस्ट डिलीट की**

कांग्रेस की इस पोस्ट को बीड़ी और बिहार की तुलना बताते हुए सियासी बवाल मचा, बाद में विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक इस पोस्ट के स्क्रीनशॉट कई लोगों तक पहुंच चुका था।

### इंडी गठबंधन की नफरत फिर सामने आई

इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि यह बिहार के प्रति इंडिया गठबंधन की नफरत की झलक है। कांग्रेस ने एक बार फिर लाइन क्रॉस कर दी है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे लिखा कि रेवंत रेड्डी से लेकर डीएमके तक कांग्रेस में बिहार लिए नफरत साफ है।

### अब पूरे बिहार का अपमान किया जा रहा



कांग्रेस की इस पोस्ट पर भाजपा नेता पूरी तरह से हमलावर हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का अपमान करने के बाद कांग्रेस अब पूरे बिहार का अपमान करने पर उतर आई है। पीएम का भी अपमान किया था।

### बी मतलब बुद्धि जो कांग्रेस में नहीं



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता संजय कुमार झा ने इसे कांग्रेस की 'एक और शर्मनाक हरकत' कहा। उन्होंने हिंदी में लिखा, बी का मतलब सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि भी है, जो आप में नहीं है। बी का मतलब बजट भी है, जिस पर आपको जलन होती है जब बिहार को विशेष सहायता मिली। झा ने कहा कि बिहार का मजाक उड़ाकर कांग्रेस ने न केवल बिहार के लोगों का अपमान किया है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र का भी मजाक उड़ाया है।

### आपत्तिजनक बातें कही तो माफी मांगनी चाहिए



आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव से जब केरल कांग्रेस द्वारा बिहार और बीड़ी की तुलना करने पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम पोस्ट देखे नहीं हैं तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं, लेकिन बिहार को लेकर कोई आपत्तिजनक बातें कही है तो जरूर माफी मांगनी चाहिए।

---

## नीति आयोग ने दी सलाह, सरकार नीति बनाए ताकि भारत 2030 तक दालों में आत्मनिर्भर बने

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे वर्ष 2030 तक भारत दालों में आत्मनिर्भर बन सके। 2047 तक देश में दालों का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति आयोग ने कहा कि उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। 2022 में इसका उत्पादन 26.06 मीट्रिक टन रहा। रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर दालों की मांग-आपूर्ति के अंतर का भी विश्लेषण किया गया है। ये अनुमान सकल उत्पादन, आयात, निर्यात, स्टॉक में बदलाव, बीज, चारे के उपयोग और बर्बादी जैसे कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। पिछले दशक में, बीज, चारा और बर्बादी का औसत हिस्सा सकल उत्पादन का 11.2 प्रतिशत रहा है।

## शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस जब्त, एक दबोचा

शिवपुरी। जिले में शुक्रवार को एक स्थानीय व्यक्ति के पास से 6.21 करोड़ रुपए मूल्य की चरस जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक एक खुफिया सूचना के आधार पर देहात थाना प्रभारी जितेंद्र मावई के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने संदीप सिंह (38) नामक व्यक्ति को रोका और उसके पास से दो थैलों में से 60 पैकेट चरस बरामद की। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले में एक नई कार भी जब्त की गई है। संदीप ने पुलिस को बताया कि उसे लखनऊ के एक ट्रक चालक से 6.21 करोड़ रुपये मूल्य की 30.295 किलोग्राम चरस मिली।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/664

मनकि पवन कुमार पुत्र कवल सिहं पुत्र पहलाद, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार अराजी खेवट न0 179मिन/161 मिन, खाता न0 186मिन, मु0 न0 15, किला न0 15/2(3–7), मु0 न0 16, किला न0 11/1(0–7), 20/1/1(4–1), किते 3, तादादी रकबा 7 कनाल 15 मरले का 1/3 भाग, बकदर 2 कनाल 11.66 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 34/155 भाग, बकदर 1 कनाल 14 मरले (0.2125 एकड़), वाका रकबा मौजा मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 16, किला न0 20/1/1 मिन पूर्व (1–14), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 14 मरले (0.2125 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.09.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2)(1) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय कुमार पुत्र नरेश निवासी ग्राम अयालकी, तहसील जिला फतेहाबाद, हरियाणा** ने एफआईआर नं. **486¢2018, दिनांक 20.10.2018ए अंतर्गत धारा 323/341/506/34 आईपीसी, थाना गाज़ीपुर, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **486¢2018, दिनांक 20.10.2018ए अंतर्गत धारा 323/341/506/34 आईपीसी, थाना गाज़ीपुर, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.10.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सचिन**
न्यायिक न्यायधीश प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट नंबर 16, शाहदरा जिला (पूर्व)
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11778/ED/2025
(Court Matter)



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाडी**

रपट न. 19 दि. 03.09.25 थाना माडल टाउन रेवाडी

नाम पता नामालुम की पहचान हेतु
माता/पिता का नाम-नामालुम
हुलिया- रंग सांवला गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, नाक पर चोट लगी हुई, उम- लगभग 30-35 साल कद 5'7"
पहनावा - डार्क ब्लू रंग की लोवर, संतरी रंग की टी शर्ट, कोकाकोला रंग का कच्छा वा दाहिने हाथ पर लाल डोरा बंधा हुआ



दिनांक 03.09.2025 को समय करीब 9.30 AM पर डायल 112 की सुचना पर गांव करनावास बाहद रक्बा इंडस्ट्री एरिया रेवाडी बावल रोड पर करनावास ठेका के सामने झाडियो मे एक नाम पता नामालुम व्यक्ति की नाश मिली है जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, नाश नाम पता नामालुम को शव गृहं सामान्य अस्पताल रेवाडी मे शिनाख्त हेतु रखवाया हुआ है। यदि किसी थाने या किसी व्यक्ति को इस नाम पता नामालुम व्यक्ति की सुचना मिलती है तो इन निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
1. प्रबंधक अफसर थाना माडल टाउन रेवाडी 7056666122
2. थाना माडल टाउन रेवाडी 01274-260122
3. कंट्रोल रुम रेवाडी 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच 1084/11/3848/2026/38410/88/6 दि. 05.09.2025



**नगर एवं ग्राम आयोजना निदेशालय, हरियाणा**
नगर योजना भवन, प्लॉट नं. 3, ब्लॉक-ए, सेक्टर-18-ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़।
टेली-फैक्स: 0172-2548475; 0172-2549851,
ई-मेल : tcpharyana7@gmail.com, वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in

मेमो नं. RCP-1-Vol.-II/JD(RA)/2025/34449 दिनांक 03.09.25

**सार्वजनिक सूचना**

सेक्टर–27–सी का सेक्टोरल–सह–शजरा प्लान पूर्व में ड्राफ्ट विकास योजना, रोहतक–2031 एडी के आधार पर तैयार किया गया था, जो 22.01.2024 को अनुमोदित किया गया था। अब अन्तिम विकास योजना रोहतक–2031 एडी के आधार पर तैयार किया गया संशोधित प्रस्ताव सरकार द्वारा सिद्धांततः अनुमोदित कर दिया गया है। जिसमें अंतरिक प्रसारण पुनर्नियोजित किया गया है। पूर्व में अनुमोदित किए गए सेक्टोरल प्लान के साथ–साथ उसी ड्राईंग पर सेक्टर–27–सी (आवासीय, कमर्शियल और पब्लिक यूटिलिटी), रोहतक के सेक्टोरल प्लान में किए गए संशोधन दर्शाते हुए प्रस्तावित संशोधित सेक्टोरल प्लान की एक स्कैन की गई प्रति विभागीय वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in पर डाली गई है।

उपरोक्त के मद्देनजर, सेक्टोरल प्लान के प्रस्तावित संशोधन के बारे में कोई आपत्ति रखने वाला कोई भी व्यक्ति, अपनी आपत्ति एसटीपी, रोहतक के कार्यालय में लिखित में इस सूचना से 30 दिन की अवधि के अंदर दायर कर सकता है। दी गई अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त की गई आपत्ति, यदि कोई हो, एसटीपी, रोहतक के कार्यालय द्वारा मैरिट पर जांची जाएगी और इस पर टिप्पणियां इस मामले में अंतिम निर्णय के लिए 15 दिन की समय अवधि के अंदर (आपत्तियां दायर करने के लिए 30 दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात) इस कार्यालय को अग्रेषित की जाएगी।

दिनांक :
स्थान : चंडीगढ़

हस्ता/– (अमित खत्री, आईएएस)
निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना,
हरियाणा, चंडीगढ़

पीआरडीएच–1118/11/167/2026/38408/88/6 दि. 05.09.25


---

### न्यायपालिका जनता और संविधान के बीच सेतु का काम करती है : सीजेआई

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका लोगों की आकांक्षाओं और संविधान में निहित आदर्शों के बीच एक सेतु का काम करती है। काठमांडू में नेपाल-भारत न्यायिक वार्ता 2025 में सीजेआई गवई ने न्यायपालिका के कार्य को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल विवादों को सुलझाने का कार्य है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि व्यवहार में न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए। उन्होंने कहा, ''दोनों देशों में न्यायपालिका लोगों की आकांक्षाओं और संविधान में निहित आदर्शों के बीच एक सेतु का काम करती हैं। इसका काम न केवल विवादों को सुलझाना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि व्यवहार में न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए।

संघ और अनुषांगिक संगठन करेंगे मंथन

## 7 सितंबर तक चलेगी बैठक, 32 संगठनों के पदाधिकारी आए

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संघ प्रेरित संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को जोधपुर के लाल सागर स्थित आदर्श विद्यामंदिर में शुरू हुई। शुरुआत में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रथम सत्र में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। संगठन मंत्र के सामूहिक वाचन के साथ आरंभ हुई बैठक में संगठनों के अपने-अपने क्षेत्रों में नए प्रयोगों का निवेदन हुआ।



7 सितंबर तक चलने वाली बैठक में 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इस बैठक में प्रमुख रूप से सभी 6 सहसरकार्यवाह, विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार भी होंगे।

### जस्टिस श्रीचंद्रशेखर होंगे बॉम्बे हाईकोर्ट के सीजे

**नई दिल्ली।** जस्टिस श्रीचंद्रशेखर बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र ने इस नियुक्ति की घोषणा की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत के संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत, सीजेआई से परामर्श के बाद यह फैसला लिया।

---

केंद्रीय व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने कहा

केंद्र ने ढांचे में कमी करके लाभ दिया

# जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले, केंद्र करेगा निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र निगरानी रखेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नेयह आश्वासन दिया। उनके अनुसार उद्योग जगत ने भरोसा दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों में कटौती का असर उनकी कीमतों में दिखेगी। गोयल ने कहा कि ऐसा हो पा रहा है या नहीं, सरकार इसकी निगरानी करेगी। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय लिया गया है।

### अमेरिका के टैरिफ के कारण नहीं लिया गया जीएसटी में सुधार का फैसला

भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के



फैसले के कारण मोदी सरकार ने जीएसटी के ढांचे में सुधार किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों व वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। इतना बड़ा परिवर्तन रातोंरात नहीं हो सकता। अमेरिका ने टैरिफ का फैसला पिछले महीने ही लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखेगा कि उपभोक्ताओं को कम करों का पूरा लाभ मिले। राज्यों को भी इसकी निगरानी करनी चाहिए।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सातरोड खुर्द आरडी 0.000 से 0.430 और 1.080 से 1.670 के माध्यम से पुराना डीएचएस रोड से नये बाईपास की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4855) (एमसी हिसार क्षेत्र) (सैन धर्मशाला सातरोड से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-10) दिल्ली-सिरसा रोड हिसार तक 40 फीट तक रोड के रूपांतरण की वजह से 11 केवी सातरोड एपी फीडर और 11 केवी जिन्दल इलैक्ट्रो फीडर की एचटी लाइनों की शिफ्टिंग)। | 03.09.2025 11.09.2025 | 32.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बुडाना 33 केवी सब स्टेशन से राखी गढ़ी संग्रहालय तक स्वतंत्र फीडर फैड का प्रावधान (संशोधित आकलन के अनुरूप बकाया कार्य)। | 03.09.2025 15.09.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | वर्ष 2025-26 हेतु सोनीपत जिले में सोनीपत में लघु सचिवालय में 2 अदद गैर-आवासीय राजस्व भवन की वार्षिक मरम्मत + 1 कार्य। | 02.09.2025 09.09.2025 | 31.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव तल्हेड़ी रांगड़ान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत)। | 03.09.2025 10.09.2025 | 25.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | सीएच रोहतक में फैकल्टी वीसीबी को बदलना + 1 कार्य। | 04.09.2025 11.09.2025 | 37.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में मण्डी डबवाली में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान (फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 03.09.2025 11.09.2025 | 7.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में लड़कों के लिए राजकीय बहुतकनीकी के परिसर में शौचालयों का पुनरोद्धार। | 03.09.2025 09.09.2025 | 16.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जांट सायरवास ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में पंचायत घर का निर्माण (एचजीवीवाई स्कीम) + 2 कार्य। | 01.09.2025 08.09.2025 | 34.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1274222260 prexeeng.hry@nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव सादिकपुर ब्लॉक सहजादपुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 04.09.2025 10.09.2025 | 26.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | गांव खेड़ी खुम्मार, ब्लॉक व जिला झज्जर में पार्क-सह-व्यायामशाला में शौचालय, वॉकिंग ट्रैक और अन्य सिविल कार्यों का निर्माण। | 03.09.2025 10.09.2025 | 10.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव मदाना खुर्द, ब्लॉक बेरी में पंचायती कुएं से बन्नी सिंह के मकान तक गली का निर्माण। | 03.09.2025 10.09.2025 | 17.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | ग्रेड-II के आईएसआई मार्क्ड सोडियम हाइपोक्लोराइट सोल्यूशन की खरीद। | 05.09.2025 06.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | जिला परिषद, सोनीपत | गांव खेड़ी दमकान में एसएचसी का निर्माण + 7 कार्य। | 02.09.2025 09.09.2025 | 371.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/260/38457/I/88/6 दि. 05.09.25

## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।

# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग




विवादित बयान
प्रमोद भार्गव

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोशित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया
डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो

हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरें, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
**दर्शन**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

## जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज में शिक्षकों की भूमिका

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। -**परेश चौहान**, महासमुंद

## ट्रेंड

### पंजाब में जलप्रलय



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जयंती पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आपदा में बह गए निर्माण



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रहीं है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जुनून की परीक्षा



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत



भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है



मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में, मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं–जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। उनकी इस शानदार पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे अहमद ने इसके बाद यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी। अर्जेंटीना की टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में शीर्ष पर है, जिसने वेनेजुएला को 3-0 से हराया । इस जीत में लियोनेल मेस्सी ने दो गोल दागे। ब्राजील ने चिली को 3-0 से हराया और वह दूसरे स्थान पर है।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे। झिंगन को एक सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी।



भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने कहा, 'झिंगन गोवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी रिकवरी पर करीबी निगाह रखी जा रही है।

## खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें



### अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना


एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

### अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

### टेलर ने बदला संन्यास फैसला अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।



## महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, सोफी की एक साल बाद वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुवाई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी।

### 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट




### डार्सी और जॉर्जिया टीम में शामिल

वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी। इस टीम में एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्रा और एशले गार्डनर जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

### 27 साल बाद जीती सीरीज




एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉड्र्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

## तीन साल में 400 करोड़ की कमाई का अनुमान, 16 सितंबर से होगी बोली

# बीसीसीआई ने बढ़ाई जर्सी स्पॉन्सरशिप की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए नए सिरे से मूल्यांकन तय किया है। यह नया बेस प्राइस पूर्व प्रायोजक ड्रीम 11 की ओर से दी जा रही रकम से अधिक है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैचों के लिए नया रिजर्व प्राइस 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट (आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं) के लिए 1.5 करोड़ रुपए रखा है।

### बोली 16 सितंबर को

इस बोली प्रक्रिया की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। इसका मतलब है कि एशिया कप (9 सितंबर से शुरू) से पहले नया स्पॉन्सर जुड़ना संभव नहीं होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि किसी अंतरिम व्यवस्था की संभावना बेहद कम है।




### 130 मैच खेले जाने का अनुमान

बीसीसीआई अगले तीन साल के लिए स्पॉन्सरशिप तलाश रहा है। इस दौरान लगभग 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने का अनुमान है, जिनमें 2026 का टी20 वर्ल्ड कप और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। नए बेस प्राइस के आधार पर बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो सकती है।

### द्विपक्षीयमें 10 और बहुपक्षीय मैचों में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मौजूदा समय में द्विपक्षीय मुकाबलों का मूल्य 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों का 1.12 करोड़ रुपए है। यानी बीसीसीआई ने नई दरों के साथ द्विपक्षीय मुकाबलों में लगभग 10 प्रतिशत और बहुपक्षीय मैचों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, द्विपक्षीय मैचों में प्रायोजकों को अधिक दृश्यता मिलती है, क्योंकि ब्रांड का नाम खिलाड़ियों की जर्सी के सामने (सीने) पर प्रमुखता से दिखता है। आईसीसी और एसीसी आयोजनों के दौरान ब्रांड का उल्लेख केवल बाजू (स्लीव्स) तक सीमित रहता है, जिससे वहां दृश्यता अपेक्षाकृत कम हो जाती है।

### गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स नहीं लगा पाएंगे बोली

*बीसीसीआई ने 2 सितंबर को भारतीय टीम के लीड स्पॉन्सर राइट्स के लिए अभिरुचि पत्र जारी किया। इसमें साफ कहा गया है कि गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स बोली नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा स्पोर्ट्सवेयर, बैंकिंग, वित्तीय कंपनियां, शीतल पेय, घरेलू उपकरण (फैन, मिक्सर-ग्राइंडर, लॉक्स) और बीमा कंपनियां भी प्रतिबंधित रहेंगी, क्योंकि ये मौजूदा प्रायोजकों से टकरा सकते हैं। बता दें, ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद नए स्पॉन्सर की जरूरत पड़ी। हाल ही में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेशन) अधिनियम, 2025 लागू किया है, जिसके तहत असली पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इसी कानून के प्रभाव में ड्रीम11 ने अपना करार समाप्त किया।*

# पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक बारिश ने मचाई तबाही, कश्मीर का संपर्क देश से कटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 पानी में डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे एक हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।

**राजधानी के ज्यादातर इलाकों में पानी ही पानी**

*कश्मीर में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं। इससे घाटी का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया। झेलम नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी अब खतरे के निशान से नीचे बह रही है।*

**नोएडा के सेक्टर पानी में डूबे** | **पंजाब में अब तक 43 की मौत**



### पंजाब : सभी 23 जिलों में बाढ़

*पंजाब में बाढ़ के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। राज्य के सभी 23 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और प्रदेश को आपदाग्रस्त भी घोषित किया जा चुका है। शुक्रवार तक बाढ़ की चपेट में आए गांवों की गिनती बढ़कर 1948 हो गई है। अब तक 3 लाख 84 हजार 322 लोग इससे प्रभावित हो चुके हैं। अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि पठानकोट से 3 लोग लापता हैं। रेस्क्यू के लिए सेना-एयरफोर्स और एनडीआरएफ की 25-25 टीमें तैनात की गई हैं। 30 से 35 हेलिकॉप्टर के जरिए लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। सरकार के मुताबिक 64 रिलीफ कैंपों में अब तक 1700 लोग रह रहे हैं।*



### दिल्ली में बाढ़-बारिश से एक युवक की मौत

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंधू गांव के बाढ़ प्रभावित इलाके से लापता हुए एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि युवक 3 सितंबर को पानी में डूब गया था। दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में पानी भर गया है। एनडीआरएफ तैनात की गई है। दिल्ली के निगम बोध घाट इलाके में बाढ़ जैसे हालात है। ड्रोन विजुअल में दूर-दूर तक सिर्फ पानी-पानी ही नजर आ रहा है।

## हिमाचल में सेब कारोबार पर संकट, 3 हाईवे, 1100 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से सेब के कारोबार पर संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश में 3 नेशनल हाईवे समेत 1100 से अधिक सड़कें लैंडस्लाइड से जगह-जगह बंद पड़ी हैं। इससे सेब मंडियों तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है। बागवानों का हजारों पेटी सेब या तो गोदाम में खराब हो रहा है या फल मंडियों और पिकअप व ट्रकों में लोड है।



### शिमला-किन्नौर हाईवे पर चट्टान गिरी

*हिमाचल में शिमला-किन्नौर नेशनल हाईवे पर आज सुबह ज्यूरी के पास एक बड़ी चट्टान सड़क पर गिर गई, जिसके चलते लोग जान जोखिम में डालकर चट्टान के नीचे से सड़क पार करने को मजबूर हैं।*

**90 प्रतिशत सड़कें बंद, संपर्क कटा**

चंबा जिले के 40% गांवों में 10 दिन बाद भी बिजली बहाल नहीं हो पाई है, और 80% ग्रामीण इलाकों की सड़कें बंद होने से उनका संपर्क बाकी दुनिया से कट गया है। कुल्लू में 90% सड़कें बंद हैं, जिससे ज्यादातर क्षेत्रों के लोग जिला मुख्यालय तक भी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### अजमेर में तालाब की पाल टूटी, कॉलोनियों में भरा पानी, छतों पर जाकर जान बचाई


*राजस्थान के अजमेर के बोराज तालाब की गुरुवार की रात करीब सवा 11 बजे पाल टूट गई। इससे आसपास के क्षेत्रों के करीब एक जार घरों में पानी घुस गया। लोगों ने परिवार सहित छत पर पहुंचकर जान बचाई। तेज धार की वजह से कई मकान क्षतिग्रस्त भी हुए हैं। उधर, शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे स्वास्तिक नगर के लोग सड़क पर उतर आए। वहीं, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए अजमेर में शनिवार को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी घोषित की गई है। 66 मकानों में आंशिक व 7 में ज्यादा नुकसान पहुंचा है।*




**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए

**बस्तर।** बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। सुबह से ही नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है।



### श्रीलंका में खाई में गिरी बस, 15 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत के बादुल्ला जिले में बस दुर्घटना में 9 महिलाओं समेत 15 लोग की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 30 से ज्यादा लोगों का एक समूह यात्रा पर निकला था। बस की टक्कर एक जीप से हुई, जिसके बाद वह सड़क के किनारे रेलिंग से टकराकर 1000 फीट गहरी खाई में जा गिरी। सभी मृतक टांगले अर्बन काउंसिल के कर्मचारी थे। कई घायलों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें बडुल्ला टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।



## ट्रंप के व्यापार सलाहकार की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

*भारत और अमेरिका के रिश्ते साझा हितों पर आधारित*

# नवारो की टिप्पणी पूरी तरह गलत और भ्रामक, हम उन्हें 'अस्वीकार' करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की हालिया टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत द्वारा रूस से तेल आयात करने के मामले में नवारों ने आरोप लगाया था कि ब्राह्मण आम भारतीयों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमने नवारो के गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें अस्वीकार करते हैं।

हमने पहले भी इस बारे में बात की है। अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देश एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो हमारे साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन-जन संबंधों पर आधारित है। इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। हम उस ठोस एजेंडे पर केंद्रित हैं जिसके लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं, और हमें उम्मीद है कि आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर यह रिश्ता आगे बढ़ता रहेगा।

**भारत-यूएस साझा ठोस एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध** | **भारत यूक्रेन में स्थायी शांति का समर्थन करता है**

### रूस-यूक्रेन रचनात्मक रूप से आगे बढ़ें



*जायसवाल ने कहा कि जहां तक यूक्रेन में संघर्ष का प्रश्न है, हम यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें आशा है कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। भारत यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र अंत और स्थायी शांति की स्थापना का समर्थन करता है।*

**ऑस्ट्रेलिया ने बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन किया**

*जायसवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार और विपक्ष, दोनों के वरिष्ठ नेताओं और राजनेताओं ने ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन करते हुए बयान जारी किए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की समग्र प्रगति और विकास में भारतीय ऑस्ट्रेलियाई समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका को भी मान्यता दी है, और वे इस भूमिका की बहुत सराहना और स्वीकार करते हैं। हमारी ओर से, हम दृढ़ता से मानते हैं कि विविधता ही शक्ति है।*

**प्रवासी विरोधी प्रदर्शन**

### ऑस्ट्रेलिया के साथ चिंता जाहिर की

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि 31 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में प्रवासी-विरोधी विरोध प्रदर्शन हुए। हमारे उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और हमारे समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में थे। विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले, हमारे उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ प्रवासी भारतीयों की चिंताओं को साझा किया था। हमें ऑस्ट्रेलियाई पक्ष से एक औपचारिक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया में विरोध प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के विविध समुदायों के लिए चिंता का विषय हो सकता है।*

**ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री फेहलिंगर का एक्स अकाउंट बैन किया**

*भारत विरोधी बयान देने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर जहान पर कार्रवाई करते हुए भारत ने देश में उनके एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। जहान के एक्स अकाउंट को तब बैन किया गया, जब उन्होंने खालिस्तान के नक्शे के साथ 'भारत को तोड़ो' का आह्वान करते हुए एक विवादास्पद मैसेज पोस्ट किया था। इसके सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भारत सरकार ने तत्काल कदम उठाया और ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री फेहलिंगर का सोशल मीडिया अकाउंट इंडिया में ब्लॉक कर दिया।*

**जयशंकर की भूटान पीएम से मुलाकात**

## आपसी साझेदारी को मजबूत करने पर जताई 'प्रतिबद्धता'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार शाम को भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि आज शाम भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से से मिलकर प्रसन्नता हुई। पीएम नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने आगे लिखा कि हमारी अनूठी और समय-परीक्षित साझेदारी निरंतर मज़बूत होती जा रही है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि भारत और भूटान ने आपसी साझेदारी को निरंतर मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### राजगीर में मंदिर का उद्घाटन



भूटान के पीएम ने बिहार के राजगीर में नव-निर्मित भूटान मॉनेस्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू और बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मुख्य द्वार पर भारत का तिरंगा, भूटान का राष्ट्रीय ध्वज और बौद्ध धर्म का झंडा एक साथ फहराया गया।

## प्रवासियों के खिलाफ हो रहे विरोध-प्रदर्शनों को लेकर ऑस्ट्रेलिया के संपर्क में भारत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में पिछले महीने के अंत में यानी 31 अगस्त को हुए विरोध-प्रदर्शनों के मामले को लेकर भारत ऑस्ट्रेलिया की सरकार और वहां मौजूद भारतीय समुदाय के संपर्क में बना हुआ है। वहां मौजूद भारतीय उच्चायोग, कांसुलेट ने मामले को ऑस्ट्रेलियाई पक्ष के सामने मजबूती से उठाया है। इसके अलावा नई दिल्ली की सरकार ने विदेशों में रहने वाले अपने सभी नागरिकों के लिए काम करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में दी है। रणधीर ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की कुल संख्या 1 मिलियन के करीब है। जिसे लेकर मामले की गंभीरता को भांपते हुए हमारे दूतावास और कांसुलेट ने मुद्दे को ऑस्ट्रेलिया की सरकार के सामने पूरी मजबूती के साथ उठाया है। हम उनके लगातार संपर्क में बने हुए हैं। अपनी प्रतिक्रिया में ऑस्ट्रेलियाई पक्ष ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है कि भारत द्वारा उनके समक्ष उठाई गई चिंताएं वाजिब हैं। यह विरोध-प्रदर्शन चिंता का मामला हैं।

## अगले सप्ताह 9 सितंबर से भारत दौरे पर रहेंगे मॉरीशस के प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ से उत्पन्न आर्थिक अस्थिरता के बीच अगले सप्ताह 9 सितंबर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम भारत की आठ दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल में उनके द्वारा की जाने वाली यह पहली विदेश यात्रा होगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम की भारत यात्रा 9 से 16 सितंबर तक होगी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। जिससे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकेगा।

**राष्ट्रपति ने शिक्षकों का किया सम्मान**

## बेटियों की शिक्षा, स्मार्ट शिक्षक से भारत बनेगा ज्ञान महाशक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को भारत के भविष्य निर्माण में सबसे अहम बताया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के जरिए भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अंत में लड़कियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान है और यही महिला-प्रधान विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील, जिम्मेदार और नैतिक आचरण वाले छात्र सिर्फ किताबों और प्रतिस्पर्धा में उलझे छात्रों से बेहतर होते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाओं और बुद्धि का संतुलन होना चाहिए।



### सम्मान और सुरक्षा के लिए शिक्षा भी जरूरी

राष्ट्रपति ने कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी सम्मान और सुरक्षा के लिए जरूरी है। संवेदनशील शिक्षक बच्चों में आत्मसम्मान और सुरक्षा की भावना जगाते हैं। उन्होंने अपने शिक्षक जीवन को याद करते हुए कहा कि वह उनके जीवन का सबसे सार्थक दौर था। शिक्षा गरीब से गरीब बच्चे को भी ऊंचाइयों तक ले जा सकती है और समर्पित शिक्षक बच्चों की उड़ान को ताकत देते हैं। शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि छात्र जीवनभर उन्हें याद रखें और समाज व देश के लिए योगदान दें। डिजिटल शिक्षा पर कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड और स्मार्ट क्लासरूम महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सबसे अहम स्मार्ट शिक्षक हैं। स्मार्ट शिक्षक वही हैं जो छात्रों की जरूरतों को समझते हैं और उन्हें संवेदनशीलता व स्नेह के साथ पढ़ाते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25